QUEST

(The Quarterly E-News letter of SABVGACC)

# Shri Atal Bihari Vajpayee Govt. Arts and Commerce College, Indore's News Letter



# प्राचार्य संदेश

**प्रिय विद्यार्थियों एवं साथियों,**



साहित्यिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक और खेलकूद आदि विविध गतिविधियों में वर्ष भर आपने श्रेष्ठ प्रदर्शन करके महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं।

अब परीक्षाओं का समय है। हमें पूरा विश्वास है कि आप सभी अपने–अपने विषय की परीक्षाओं के लिए पूरे मनोयोग से तैयार हैं। पाठ्यक्रम से संबंधित आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए सभी प्राध्यापक गण हमेशा तत्पर हैं।

अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस वर्ष हमारा महाविद्यालय पी.एम. एक्सीलेंस कॉलेज की श्रेणी में चुना गया है। सत्र 2024–25 से कला संकाय के अंतर्गत 'संगीत' विषय भी जुड़ गया है। साथ ही महाविद्यालय मे 'बी.एस.सी.' (विज्ञान संकाय) शुरू होने जा रहा है। इसकी तैयारियां चल रही हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि आज तक जिस तरह से हमने कला और वाणिज्य के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल की हैं। उसी तरह विज्ञान के पाठ्यक्रम को भी सफलतापूर्वक संचालित कर सफलता हासिल करेंगे।

महाविद्यालय के कर्मचारी साथियों से आशा है कि वे महाविद्यालय की व्यवस्था, परिसर के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता आदि कार्यों में अपना सक्रिय योगदान कर महाविद्यालय की शोभा को बढ़ाएंगे।

आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ. प्रकाश गर्ग,**

**प्राचार्य**

# सम्पादक की कलम से...



डॉ. संगीता मेहता (प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, संस्कृत)



डॉ.आशा अग्रवाल (प्राध्यापक,हिन्दी विभाग)

महाविद्यालय के इ-न्यूज लेटर का प्रकाशन न केवल चुनौतियों से पूर्ण है अपितु दिलचस्प भी हैं। चुनौति इसलिए है कि शैक्षणिक कार्य के बीच जिम्मेदारी से पूर्ण प्रकाशन का कार्य करना किसी भी प्राध्यापक के लिए आसान नहीं है। विशेष रूप से सीमित समय और सीमित शब्दों में प्रदेश के सबसे बड़े महाविद्यालय की शैक्षणिक, अकादमिक, सांस्कृतिक, खेलकूद आदि अनेक बहु आयामी आयोजनों और उपलब्धियों का चयन कर उसे एक जगह संग्रहित करना है। यह कार्य किसी एक व्यक्ति से नहीं अपितु सभी के सहयोग से ही संभव है। अतः हम सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग सर को इस न्यूज लेटर के माध्यम से धन्यवाद प्रेषित करते हैं जिन्होंने इस कार्य में जब भी हमें कोई समस्या या कठिनाई आई आपने मार्गदर्शन और अमूल्य सहयोग प्रदान किया। न्यूज लेटर को संपूर्णता प्रदान करने में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने के लिए सभी प्राध्यापक और कर्मचारी बन्धुओं को धन्यवाद।

हम महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और विशेष रूप से खिलाडियों और उन प्रतिभागियों को जिन्होंने आयोजनों में भागीदारी की और महाविद्यालय का गौरव बढाया उन सभी का आभार प्रकट करते हैं साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

हमें विश्वास हैं कि हमारे महाविद्यालय द्वारा समय -समय पर ऐसी ही उपलब्धियां और हासिल की जाएंगी और ऐसे ही निरंतर उन उपलब्धियों का दस्तावेज यह ई-न्यूज लेटर निर्बाध रूप से प्रकाशित होता रहेगा।

# Special Honour for the College

## उत्कृष्टता की ओर जीएसीसी







भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "प्रधानमंत्री उत्कृष्टता महाविद्यालय" के अंतर्गत म.प्र. के 65 महाविद्यालयों को प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय के रूप में चुना गया है। जीएसीसी के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि इन 65 महाविद्यालयों में से जीएसीसी का चयन भी प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय के अंतर्गत किया गया है। इसके अंतर्गत महाविद्यालय में अब कला एवं वाणिज्य के साथ –साथ विज्ञान में भी स्नातक/स्नाकोत्तर पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

## 45 पद हुए स्वीकृत –

उक्त योजना के अंतर्गत महाविद्यालय के कला संकाय में संस्कृत एवं संगीत में एक–एक पद सहायक प्राध्यापक के साथ ही विज्ञान संकाय में 39 सहायक प्राध्यापक के पद एवं प्रयोगशाला तकनीशियन, प्रयोगशाला परिचालक के 6 पद एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर का एक पद आउट सोर्सिंग से स्वीकृत किए गए हैं।

# Awards and Achievements of the Faculty

## Prof. Mamta Chandrashekhar

## विशेष प्रसारण



75 महिला स्वतंत्रता सेनानी, पुस्तक की लेखिका और राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. ममता चंद्रशेखर का साक्षात्कार दूरदर्शन मध्यप्रदेश पर दिनांक 6 मार्च को प्रसारित किया गया। प्रवीण नागदिवे के साथ हुई इस विशेष बातचित का प्रसारण सुबह 11:30 से 12:00 बजे तक किया गया।

## व्याख्यानमाला

- प्रो. ममता चंद्रशेखर विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग, को कन्या स्ना. महा. जयपुर द्वारा 21 फरवरी को आयोजित एक अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेन्स में वक्ता के बतौर आमंत्रित किया गया। पैनल डिस्कशन के दौरान उन्होने अन्तर्राष्ट्रीय शक्ति व संघर्ष पर ऑनलाइन अपनी बात रखी।



- समुदायिक दायित्वों को शैक्षणिक आचरण जोड़ते हुए प्रो.ममता चंद्रशेखर ने दिनांक 25 फरवरी को महू की एक बस्ती में जाकर महिलाओं को संवैधानिक व कानूनी रूप से जागरूक किया, इस अवसर पर उन्होंने अपनी पहली पुस्तक **महिला सशक्तिकरण की अवधारणा** वितरित की।






- प्रो. ममता चंद्रशेखर, हिन्दी साहित्य भारती द्वारा हंसराज कॉलेज, नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन में विशेष वक्ता के बतौर आमंत्रित की गई। 8 से 10 मार्च को सम्पन्न इस अधिवेशन में उन्होंने हिन्दी के वैश्विक स्वरूप पर अपना व्याख्यान दिया।
- प्रो. ममता चंद्रशेखर , विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा लंदन में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय कॉंफ्रेस में 21 जनवरी को एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो. ममता चंद्रशेखर , विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा लिखित पुस्तक 75 महिला स्वतंत्रता सेनानी का दिनांक 29 जनवरी को जल संसाधन मंत्री माननीय तुलसीराम सिलावट के द्वारा विमोचन किया गया।
- प्रो. ममता चंद्रशेखर , विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग को एस.एन.डी.टी. विश्वविद्यालय पुणे द्वारा स्त्रोत साधक के बतौर आमंत्रित किया गया। सीएसटीजे नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय कार्यशाला में दिनांक 14 व 15 फरवरी को डॉ. चन्द्रशेखर ने शोध पद्धति पर व्याख्यान दिया।






फोटो– विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रों. राजीव शर्मा

## Dr. Rajeev Sharma

## व्याख्यानमाला

जीएसीसी के प्रो. राजीव शर्मा अंतराष्ट्रीय कवि के मुख्य आतिथ्य में सेंट पीटर्स स्कूल में गुरूपूर्णिमा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एस.पी. पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल व एडिशनल कलेक्टर डॉ. श्रीमती वर्मा भी मंचासीन थे। इस मौके पर प्रो. राजीवशर्मा ने गुरू की महिमा के

संदर्भ में अपने उद्‌गार प्रस्तुत किए एवं अपनी रचनाओं का पाठ किया।



रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में अखिल भारतीय राजशेखर समारोह का आयोजन किया गया। 14 मार्च को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जीएसीसी के प्रोफेसर राजीव शर्मा उपस्थित हुए। उक्त अवसर पर प्रोफेसर राजीव शर्मा ने अपना शोध व्याख्यान प्रस्तुत किया। वहीं विनर्स संस्था में सफलता के सूत्र विषय पर युवाओं के लिए अति उपयोगी व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में एकत्रित युवाओं ने प्रो. राजीव शर्मा से अपनी जिज्ञासाओं से संबधित प्रश्न किए। जिनका समधान मंच द्वारा किया गया। धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था रवि दांगी मित्रमंडल द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आदित्य पटेल ने अतिथि स्वागत किया एवं शोधार्थी पूजा राज ने सुमधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

# डॉ. संगीता मेहता




डॉक्टर संगीता मेहता " योग के सिद्धांतों और अभ्यास के वैज्ञानिक दृष्टिकोण" विषये एकलव्यविश्वविद्यालय दमोहस्य तथा ओम् अर्हम् सोशल वेलफेयर फाउंडेशनस्य संयुक्त तत्त्वावधाने आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठ्यां 17 फरवरी 2024 दिनांके अकादमिकसत्रस्य अध्यक्षतां कृतवती।सा स्वकीय अध्यक्षीय उद्बोधने योग शब्दस्य उत्पत्तिः विविध–अर्थान् प्रासंगिकतायाश्च विषये व्याख्यानपि दत्तवती।




➢ डॉ. संगीता मेहता–प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष संस्कृत ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के मुख्य सभागार में दिनांक 14 मार्च 2024 को आयोजित 'भारतीय भाषा सम्मेलन' में 'भारतीय भाषा में परिस्थितिकीय इकोसिस्टम निर्माण' विषय पर विषय विशेषज्ञ के रूप में वक्तव्य दिया।

## Dr. Jyoti Taneja



अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापक डॉ. ज्योति तनेजा ने राज्य स्तरीय नैक सेल की व्याख्यानमाला–40 केअंतर्गत अपना व्याख्यान दिया। 22 फरवरी को आयोजित हुए इस व्याख्यानमाला का विषय को Important Aspects of Criteria-1था। अपने व्याख्यान में प्रोफेसर तनेजा ने नैक से जुड़े विभिन्न पहलुओं को विस्तार से समझाया अपने अनुभवों को साझा किया।

## Dr. Padma Patel




डॉ. पदमा पटेल, सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, सोशल साइंस एंड मैनेजमेट एसोसिएशन नरोन्हा अकादमी, भोपाल में शोधपत्र प्रस्तुत किया गया जो आयोजको द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# Academic Events

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम



शुभ मुहूर्त-मंगलबेला • पूरा मध्यप्रदेश राममय, इंदौर में 100 से ज्यादा जगह बड़े दीपोत्सव

**वो 84 सेकंड... अयोध्या के साथ मप्र के 51 मंदिरों में भी होगी प्राण प्रतिष्ठा**

**चित्रकूट में केवट आज किसी भी यात्री से शुल्क नहीं लेंगे**

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

आज यानी सोमवार को अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड के बीच अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इसी अभिजीत मुहूर्त की 84 सेकंड में मध्यप्रदेश के 27 जिलों के 51 मंदिरों में भी भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इनमें कुछ मंदिर वे भी शामिल हैं, जिनका जीर्णोद्धार हुआ है, अब उनमें भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। मंदिर के पुजारियों का कहना है कि जिस समय अयोध्या में हमारे रामलला विराजेंगे, ठीक उसी समय हम भी अपने मंदिरों में प्राण-प्रतिष्ठा करेंगे। त्रेतायुग में भी भगवान श्रीराम का जन्म अभिजीत मुहूर्त में हुआ था।

इंदौर में... राजेंद्र नगर स्थित प्राचीन सार्वजनिक दास बगीची हनुमान मंदिर और तिलक नगर के सालासर बालाजी मंदिर में श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सोमवार से शुरू होगा।

इंदौर: 10 हजार वर्गफीट में बनाई भव्य रंगोली

इंदौर | शासकीय अटल बिहारी वाजपेयी कला एवं वाणिज्य कॉलेज में 10 हजार वर्ग फीट की रंगोली बनाई। फोटो | ओपी सोनी

**चित्रकूट से भेजे जल से होगा रामलला का अभिषेक**

चित्रकूट से पीयूष बाजपेयी

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले जैसा उल्लास अयोध्या में है, वैसा ही चित्रकूट में भी। यहां प्रदेश के साथ ही देश के 51 तीर्थों की पवित्र नदियों-कुंडों का जल एकत्रित किया गया। इसी पवित्र जल से आज अयोध्या में रामलला का अभिषेक किया जाएगा। चित्रकूट स्थित दीनदयाल शोध संस्थान व सियाराम कुटी के माध्यम से जल एक कलश में रखकर अयोध्या भेजा गया। सोमवार की सुबह से मंदाकिनी के तट पर स्थित प्राचीन मंदिरों आयोजन होंगे। मंदाकिनी के केवट नाव यात्रा निकालेंगे। वे किसी भी यात्री से कोई शुल्क नहीं लेंगे।

**इंदौर में 2000 जगह उत्सव**

इंदौर | अयोध्या में श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के लिए पूरा शहर सजधज के तैयार है। रविवार शाम से ही शहर में आयोजनों की शुरुआत हो गई। सोमवार को मंदिर, कॉलोनियों, बाजार मिलाकर 2 हजार से ज्यादा स्थानों पर कार्यक्रम होंगे।



श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इन्दौर के वर्तमान व पूर्व विद्यार्थियों एवं गिरनार फाउण्डेशन संस्था के सहयोग से महाविद्यालय प्रांगण में दस हजार वर्गफीट के आकार में रंगोली और चूरी से निर्मित भव्य राम मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई। इस अवसर पर दिनांक 21 जनवरी को कार सेवकों का सम्मान, दीपोत्सव, सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ एवं भव्य आतिशबाजी के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पूर्व छात्र लकी आदिवाल, मोहित मौर्य के नेतृत्व में यह आयोजन किया गया। हजार वर्गफीट में बनाई गई यह विलक्षण रंगोली आईक्यूएसी के तत्वाधान में महाविद्यालय के पूर्व एवं वर्तमान विद्याथियों द्वारा निर्मित की गई। महाविद्यालय में बनाई गई यह रांगोली समस्त आम जनों के अवलोकनार्थ खुली रखी गई थी। प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजन के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए स्लोगन प्रतियोगिता

के साथ पोस्टर मेकिंग, भाषण व निबंध प्रतियोगिता का अयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| **स्लोगन प्रतियोगिताः–** | | |
| प्रथम | जया पाटीदार | एम.ए. 1st Sem.इतिहास |
| द्वितीय | करूणा मीणा | बी.ए. प्रथम वर्ष |
| तृतीय | पलक जायसवाल | बी.ए. तृतीय वर्ष |
| **पोस्टर मेकिंगः–** | | |
| प्रथम | शिवांगी वर्मा | बी.ए. प्रथम वर्ष |
| द्वितीय | पलक लिल्हारे | बी.ए. प्रथम वर्ष |
| तृतीय | वसुंधरा गावडे | एम.बी.ए. 3rd Sem. |
| तृतीय | स्मृत मिश्रा | बी.ए. प्रथम वर्ष |
| **भाषण प्रतियोगिताः–** | | |
| प्रथम | लक्ष्मी द्विवेदी | एम.ए. 3rd Sem.इतिहास |
| द्वितीय | पीयूष द्विवेदी | एम.ए. 1st Sem. |
| तृतीय | खुशी रजक | बी.ए. 1st Sem. |
| **निबंध प्रतियोगिताः–** | | |
| प्रथम | स्नेहा गुप्ता | बी.ए. प्रथम वर्ष |
| द्वितीय | वंदना रानवे | बी.कॉम. प्रथम वर्ष |
| तृतीय | नेहा उपाध्याय | बी.ए. प्रथम वर्ष |

# Geographical Excursion- Omkareshwar and Hanuwantiya




On 27th Feb 2024, Department of Geography Shri Atal Bihari Vajpayee, Govt. Arts and Commerce college Indore, (M.P) has organized an excursion to Omkareshwar and Hanuwantiya. Excursion is an integral part of the syllabus of Post Graduate degree of Geography in Devi Ahilya University, Indore (M.P). The Excursion was exclusively for post graduate students of Geography as 50 students of these classes (M.A. II & IV Sem) along with Head of the Department- Dr. Venu Trivedi, other faculty members – Dr. Pragati Bhokandankar, Dr. Dhanajay Singh, class IV – Daval Singh Mandloi were went on the tour by Bus at 7:30 morning from the college

The first destination was Omkareshwar, one of the very famous well knows Jyotirlings of 12 revered Jyotirlings of the country, situated at Mandhata city of Khandwa district of M.P. Actually, Omkareshwar is forms "OM" Shaped by the sacred river Narmada. It is now home to one of the world's largest solar power plant. The temple of Omkareshwar is situated on Mandhata on shivpuri island on the banks of Narmada and Kaveri river (a tributary of river narmada). The Hills of omkareshwar is knows as Onkar hills. After visiting and learning the geography of this place, reached the other destination "Hanuwantiya" which is 138 kms away from Indore and 56 kms away from Omkareshwar . It is a water tourist destination developed by MP Tourism Corporation. Hanuwantiya is an island made by the backwater of Indira sagar Dam of M.P. It is one of the biggest reservoir of Asia, which is famous for "Jal Mahotsav", celebrated every

year from December to January. Varoius water sports, rides and fun games are organized there by the tourism development department. After visiting and spending levely time theere we all came back to Indore in the night.

It was really a knowledge gaining, enjoyable trip of the department. The department extends their sincere thanks to the Principal Dr. Prakash Garg and Administration officer, Dr. D.K. Gupta to permit to visit these places.

# Awareness Programs

## थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम




- जन्म कुंडली के साथ–साथ स्वास्थ्य कुंडली का भी मिलान करें।
- थैलेसीमीया जागरूकता का नुक्कड नाटक के माध्यम से संदेश।

श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में दिनांक 13 जनवरी 2024 को थैलेसीमिया जागरूकता अभियान के अंतर्गत 9 एमपी बटालियन के एनसीसी कैडेट ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को थैलेसीमिया रोग के प्रति जागरूक किया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एनसीसी कैडेट ने यह संदेश दिया कि शादी विवाह में जन्म कुंडली के साथ–साथ स्वास्थ्य कुंडली का भी मिलान करें जिससे आने वाली संतानें स्वस्थ हों और यह भी संदेश दिया कि थैलेसीमिया रोगियों के लिए अधिक से अधिक रक्तदान करने का संकल्प लें आदरणीय प्राचार्य महोदय ने भी कहा कि एनसीसी कैडेट सदैव ही सामाजिक समस्याओं के प्रति

लोगों को जागरूक करते रहे हैं हम सभी थैलेसीमिया के प्रति जागरूक रहे और समाज में थैलेसीमिया रोग के प्रति जागरूकता का प्रसार करें। थैलेसीमिया जागरूकता अभियान के अंतर्गत 9 एमपी बटालियन की ओर से आईपीएस अकादमी इंदौर के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट कपिल पटेल नोडल ऑफिसर के रूप में नियुक्त थे। नुक्कड़ नाटक में मुख्य रूप से अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला वाणिज्य महाविद्यालय एवं शासकिय होलकर विज्ञान महाविद्यालय एवं आईपीएस अकैडमी इंदौर के 9 एमपी बटालियन के एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रकाश गर्ग एवं वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. आदित्य लुणावत, एवं 2 एमपी बटालियन के कप्तान डॉ. दिनेश अग्रवाल, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. डी.के. गुप्ता, एनएसएस अधिकारी ज्ञानेश्वर तीखे अरूण आर्य एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय के एनसीसी के कैडेट और छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉक्टर भगवत राय ने संपन्न किया।



# Mental Health Awareness Program

## विद्यार्थियों ने जाना मानसिक स्वास्थ्य का महत्व



दिनांक 19.03.2024 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग के मार्गदर्शन में मनोविज्ञान विभाग द्वारा “Mental Health Awareness” विषय पर विशेष व्याख्यान का अयोजन किया गया। विषय विशेष पूर्णिमा सोनकर मनोवैज्ञानिक जिला चिकित्सालय इन्दौर (म. प्र.) द्वारा विद्यार्थियां को मानसिक स्वास्थ्य का महत्व बताते हुए विभिन्न सामाजिक बीमारियों जैसे OCD (मनोग्रसित बाध्यता विकार) मिरगी, चिंता, अवसाद, तनाव आदि के लक्षण एवं कारणों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

उन्होने मानसिक स्वास्थ्य की जागरूकता पर प्रकाश डाला तथा mindfulness विधि की Activity का डेमो भी दिया। साथ ही उन्होंने जिला अस्पताल में संचालित मनकक्ष, टेलीमानस हेल्पलाईन एवं मन हित एप के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित मनोवैज्ञानिक पूर्णिमा सोनक से प्रश्न भी पूछे जिसका समाधान डॉ. सोनकर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. डीके गुप्ता, डॉ. सुषमा श्रीवास्तव, डॉ. रेनु सिंहा, डॉ. गीता चौधरी, डॉ. संगीता मेहता सहित अनेक प्राध्यापकगण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. कविता रावत द्वारा किया गया एवं अतिथियों का स्वागत प्राध्यापक प्रो. सुनीता शर्मा ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार डॉ. पिंकी सक्सेना ने माना।

# मतदाता जागरूकता





कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय सतपुड़ा भवन भोपाल के आदेश अनुसार महाविद्यालय में 2 सप्ताह तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता समिति द्वारा 12–26 फरवरी 2024 तक आयाोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में मतदान की आवश्यकता और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पहली बार अपने मत का प्रयोग करने वाले विद्यार्थियों से विशेष बातचीत की गई। इस मौके पर मतदान से जुड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें बड़े उत्साह के साथ विद्यार्थियों ने भाग लिया और श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। विजेता प्रतिभागियों के नाम –

| | |
|---|---|
| **क्विज़ कान्टेस्ट :–** | |
| प्रथम | हिमांशी वर्मा |
| द्वितीय | निर्मला परमार |
| तृतीय | प्रतिमा पटेल |
| **निबंध प्रतियोगिताः–** | |
| प्रथम | नेहा उपाध्याय |
| द्वितीय | उज्जवल वर्मा |
| **ड्राइंग एवं पेंटिगः–** | |
| प्रथम | निर्जरा वर्मा |
| द्वितीय | अनामिका साहू |
| तृतीय | टवनि जैन |
| **परिचर्चाः–** | |
| प्रथम | निर्जरा वर्मा |
| द्वितीय | प्रेम सिंह विष्णु |
| तृतीय | राजकुमारी मालविया |

# पुस्तकालय




श्री अटल बिहारी वाजपयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर मध्यप्रदेश में पुस्तकालय एवं आई.क्यू.ए.सी. सेल के अंतर्गत पुस्तकालय उपयोगकर्ता जागरूकता प्रशिक्षण का अयोजन दिनांक 22 मार्च को कलाम कक्ष में आयोजित किया गया। प्रभारी प्राचार्य प्रतिनिधि डॉ. अमर वतनानी की अध्यक्षता में आयाजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर आदित्य लुणावत और डॉ. ममता चंद्रशेखर, विशिष्ट अतिथि डॉ उषा जैन, डॉ. राजीव शर्मा ने ई– पुस्तकालय की उपयोगिता विषय पर विचार रखे एवं पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विमलेश पटेल ने ई लाइब्रेरी के फायदे और उसके उपयोग के विषय में प्रशिक्षण प्रदान किया इस कार्यक्रम में अन्य महाविद्यालय प्राध्यापक साथी एवं पुस्तकालय स्टाफ रितेश तिवारी, श्री कमल नागर, गजेंद्र बघेल, श्री राठौर, श्री रवि सिलावट, श्रीमति सुनीता वघेल, श्री विजय सिलावट एवं बडी संख्या में छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही। छात्र–छात्राओं की विभिन्न शंकाओ का समाधान डॉ. विमलेश पटेल द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।



# महिला सशक्तिकरण




दिनांक 15 मार्च 2024 को समय 12 बजे से कलाम कक्ष में श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर द्वारा महिला जागरूकता के उद्देश्य से महिला सशक्तिकरण समिति द्वारा आदरणीय आचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग व प्रशासनिक अधिकारी डॉ.डी.के.गुप्ता के मार्गदर्शन व संरक्षण में छात्र–छात्राओं हेतु कविता प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका विषय महिला सशक्तिकरण के विविध आयाम एवं सामाजिक विकास में महिलाओं की भूमिका विषय पर डॉ. संध्या भार्गव ने वक्तव्य दिया। जिसमें उन्होने परिवार के विकास व समाज के विकास में




महिलाओं की भागीदारी का उल्लेख किया। आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. संगीता मेहता ने वैदिक काल में महिलाओं के स्वर्णिम स्थिति को बताया। साथ ही सामाजिक विचारधारा के बारे में अवगत कराया एवं उनके सामाजिक विकास में योगदान के संबंध में बताया। इस कार्यक्रम की अगली कडी में IQAC के अंतर्गत के गठित महाविद्यालय के छात्रों के समूह सारथी द्वारा नारी शिक्षा को बढावा देने के उद्देश्य से नाटक किया जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में बेटियों की शिक्षा में आने वाली रुकावटों को दर्शाया गया। साथ ही समाधान भी प्रस्तुत किये। जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं की उपस्थिति रही। नाटक

कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रिया पांचाल और भारती दौनेरिया रही। द्वितीय स्थान हर्ष सागोरे व तृतीय स्थान ज्ञानेन्द्र कुमार मिश्रा ने प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीयुष द्विवेदी व द्वितीय स्थान लोहिताक्ष मिश्रा ने प्राप्त किया।

मे ंबी.ए. के विद्यार्थियों द्वार प्रस्तुति दी गई जिसमं रितुपर्णा ने मां, आयुषी साहू ने बेटी, सोहिल अली ने पिता, शिवा सिसोदिया ने बेटा, साक्षी त्रिपाठी ने वाचक की भूमिका निभा गई। इस मौके पर सोनिया मिश्रा, साक्षी त्रिपाठी, तबस्मुम खान, भूमिका मालवीय, हिमांशी वर्मा ने ओ री चिरईया गीत की प्रस्तुति दी। महिला सशक्तिकरण समिति की संयोजक डॉ. संध्या गोयल इस मौके पर उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. डॉ. संगीता मेहता द्वारा की गई। प्रतियोगिता की निर्णायक डॉ. संध्या भार्गव व डॉ. गीता चौधरी थी।

# बसंतोत्सव






श्री अटल बिहारी वाजपेयी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में दिनांक 14 फरवरी को बसंत पंचमी एवं सरस्वती जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ. अनुप व्यास उपस्थित हुए। डॉ. व्यास ने दीप प्रजवल्लन कर मां शारदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही संस्कृत विभाग में भी बसंतोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष संगीता मेहता ने दीप प्रजवल्लन व माल्यार्पण के द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया। डॉ. सुरेश चतुर्वेदी ने मंत्रोच्चार किया। इस अवसर पर समस्त विभागाध्यक्ष ,प्राध्यापकएवं महाविद्यालय के विद्यार्थी पीत वस्त्र धारण कर कार्यक्रम में उपस्थित हुए एवं मां सरस्वती का पूजन कर आर्शीवाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

# NCC Activity



## कैडेट प्रियांशु चौधरी का स्वागत

श्री अटल बिहारी वाजपयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की 9 एमपी बटालियन इकाई के कैडेट प्रियांशु चौधरी गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेकर वापस इंदौर लौटे। दिल्ली में कर्तव्य पथ पर परेड में मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के 15000 कैडेट्स में से 25 कैडेट्स का चुनाव किया गया था। जिसमें से जीएसीसी के प्रियांशु चौधरी का चयन होना उनके नेतृत्व क्षमता और साहस को दर्शाता है। सभी कैडेट्स के उत्कर्ष प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्राचार्य प्रकाश गर्ग ने सभी कैडेट्स का अभिवादन किया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी डीके गुप्ता एमपी 9 बटालियन के एएनओ लेफ्टिनेंट भगवत राय मौजूद थे।



कैडेट प्रियांशु चौधरी का स्वागत

NAME CHANGE
This is informing to everyone that my previous name was Lanjewar Sunil Sukhdeo which I have changed. My new name is Sunil Lanjewar So now everyone knows me by my new name Sunil Lanjewar
Sunil Lanjewar S/o Sukhdeo Lanjewar
205, Sukhsundar Apt.126-127-C, Vaishali Nagar, Indore-09. (MP)

**चैतन्य लोक. इंदौर।** श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की 9 एमपी बटालियन इकाई के कैडेट प्रियांशु चौधरी गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेकर वापस इंदौर लौटे। दिल्ली में कर्तव्य पथ पर परेड में मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के 15000 कैडेट्स में से 25 कैडेट्स का चुनाव किया गया था। जिसमें से जीएसीसी के प्रियांशु चौधरी का चयन होना उनके नेतृत्व क्षमता और साहस के दर्शाता है। सभी कैडेट्स के उत्कर्ष प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्राचार्य प्रकाश गर्ग ने सभी कैडेट्स का अभिवादन किया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी डीके गुप्ता एमपी 9 बटालियन के एएनओ लेफ्टिनेंट भगवत राय मौजूद थे।

# Traffic Awareness Program

## विद्यार्थियों ने जाने यातायात के नियम




श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में दिनांक 05.01.2024 को यातायात जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ. अमरवतनानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एंव मुख्य वक्ता डी.सी.पी.मनीष अग्रवाल ने विद्याथियो ंको यातायात के नियमों के बारे में बताया। तथा ट्रेफिक हेड कांस्टेबल रंजीत सिहं ने यातायात नियमों से परिचय कराया। साइबर क्राइम के सब इन्सपेक्टर शिवम ठक्कर ने साइबर क्राइम से सुरक्षा के उपाय बताए। इस कार्यक्रम का आयोजन समाजशास्त्रविभाग एवं IMPNCC महाविद्यालयकी इकाई द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजीव शर्मा, डॉ.त्रिपत कौर चावला एवं के वरिष्ठ प्राध्यापकों के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं एनसीसी कैडेट भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेट डॉ. भगवत राय एवं आभार डॉ. त्रिपत कौर चावला ने माना।





# सेवा भाव के सात दिन




दिनांक 13.02.2024 से 19.02.2024 तक ग्राम बढ़िया-कीमा में रा.से.यो. का सात दिवसीय शिविर संपन्न हुआ। सात दिवसीय शिविर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित हुई। जिसमें प्रभातफेरी, योग, परियोजना कार्य, बौद्धिक सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि में सभी स्वयंसेवक सहभागी हुए। शिविर के समापन कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.प्रकाश गर्ग एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. डी.के.गुप्ता उपस्थित रहे।

# सामुहिक योग कार्यक्रम






महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिंनाक 12.01.2024 को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुए इस सामुहिक योग कार्यक्रम में विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने सहभागिता की। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग प्रशासनिक अधिकारी डॉ.डी.के.गुप्ता एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।



**फोटो– सामूहिक सूर्य नमस्कार करते महाविद्यालय के विद्यार्थी।**

# कार्यशाला



भारतीय ज्ञान परंपरा विविध संदर्भ विषय पर उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा भोपाल में दिनांक 27 व 28 फरवरी को आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में डॉ. संध्या भार्गव, डॉ. कविता रावत, डॉ. संगीता मेहता, डॉ. सुषमा श्रीवास्तव, डॉ. ज्ञानेश्वर तीखे व प्रोफेसर योगेश शेल्के ने सक्रिय सहभागिता की।

# Alumini / Student's Achievement

## विद्यार्थी से संपादक तक




श्री अटल बिहारी वाजपेयी शा. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इन्दौर के पत्रकारिता विभाग के पूर्व छात्र मनीष यादव को दबंग दुनिया समाचार पत्र समूह द्वारा बड़ी जिम्मेदारी सौपते हुए उन्हें मुख्य संपादक का पद प्रदान किया है। मनीष ने अपनी पत्रकारिता की शुरूआत प्रभात किरण समाचारपत्र से की थी। मनीष ने बी.जे. एवं एम.जे. की डिग्री जीएसीसी से ही पूरी की है। इस मौके महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग, पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव शर्मा, प्रो. वंदना जोशी एवं प्रो. वंदना तिवारी ने यादव को बधाई दी।

- श्री अटल बिहारी वाजपेयी शा. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इन्दौर के हिन्दी विभाग में एम.ए.उत्तरार्ध्द (तृतीय/ चतुर्थ सेमेस्टर) के विद्यार्थी मनीष मीणा ने यू.जी.सी. नेट एवं जे.आर. एफ. तथा राजेन्द्र अहीरवार एवं विकास ने यू.जी.सी.नेट (दिसम्बर 2023) (पात्रता परीक्षा) में सफलता प्राप्त की। हिन्दी विभाग के भूतपूर्व छात्र श्री अलताफ रजा का म.प्र. लोकसेवा आयोग परीक्षा 2019 में उद्योग अधिकारी के रूप में चयन हुआ।
- संस्कृत विभाग की एम.ए. उत्तरार्ध की छात्रा प्रमिला जाटव ने सेट 2023 चारू पारीक नेट 2023 की परीक्षा उत्तीर्ण की।
- संस्कृत भारती नवदेहली द्वारा आयोजितायां संस्कृत संभाषण कार्यशाला फाल्गुन मासस्य कृष्ण पक्षस्य षष्ठी तिथितः शुक्ल पक्षस्य पञ्चमी तिथितपर्यन्तम् 1/03/2024. तः 14/03/2024 पर्यन्तम् समायोजितायां संवादशालायां एम ए पूर्वार्द्ध संस्कृत विषयस्य छात्रा कुमारी अवनी शर्मा भागं गृहीतवती । प्रमाणपत्रं च प्राप्तवती।



# Sports Section

# खेलकूद




- मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की अंतर महाविद्यालय सीधी संभाग स्तरीय पावरलिफ्टिंग पुरूष, महिला एवं बॉडीबिल्डिंग पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन श्री अटल बिहारी वाजपयी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर द्वारा 21 जनवरी 2024 को श्री राम जिम्नेशियम रोबोट चौराहे के पास आयोजित किया गया। जिसमें पुरूष वर्ग में 17 महाविद्यालय एवं महिला वर्ग में 13 महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने भाग लिया। बॉडीबिल्डिंग पुरूष में पांच महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया। बॉडीबिल्डिंग में गुजराती वाणिज्य महाविद्यालय के छात्र कनिष्क मालवीय ने चैंपियन ऑफ चैंपियन का पुरस्कार अपने नाम किया। उन्हें विश्वविद्यालय श्री का खिताब दिया गया। पुरस्कार वितरण वरिष्ठ क्रीडा अधिकारी श्री सी.बी.होलकर, डॉक्टर विकास कौशिक, डॉक्टर मुकेश सोलंकी, डॉ नीलेश मंडलोई, श्री विमल प्रजापत, दिनेश पालीवाल, संजय कराडे, प्रवीण माने, जितेंद्र पांडे तथा डॉ.महेंद्र कुमार मिश्रा क्रीडा अधिकारी द्वारा किया गया।

- गुरू नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में आयोजित हुई दक्षिण पश्चिम अंतर विश्वविद्यालय जूडो पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की टीम के विशाल जाट ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर सभी को गौरवान्वित किया है। ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी जूडो

पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता हेतु दो छात्र और दो छात्रा का चयन किया गया। जिसके मैनेजर के रूप मे जी.ए.सी.सी. की प्रो. शांत चौहान ने सहभागिता की। सम्मिलित होने वाले सभी खिलाड़ियो और टीम मैनेजर को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के निदेशक एवं कुलपति महोदय द्वारा बधाई दी गई।

- मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय खो–खो पुरुष प्रतियोगिता का अयोजन शासकीय महाविद्यालय बैढ़न रीवा संभाग में किया गया। जिसमें इंदौर संभाग की टीम में जीएसीसी के चार छात्र शामिल हुए। इंदौर संभाग की टीम इस प्रतियोगिता में विजेता रही एवं उज्जवल तिवारी को पूरे प्रदेश में ″सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी″ के सम्मान से सम्मानित किया गया।



फोटो– अपने साथियों के साथ महाविद्यालय के छात्र उज्जवल तिवारी।



- महाविद्यालय के एथलेटिक टीम के खिलाड़ियों ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के 4X 100 मीटर रिले रेस में नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसमें आदित्य सिंह डोडिंया, भानु प्रताप सिंह, राहुल माली एवं अभय राज सिंह भदोरिया ने प्रशस्ति प्राप्त की है।





- मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग पुरूष व महिला एवं पावरलिफ्टिंग पुरूष व महिला प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजित हुआ।

इस मौके पर प्रो. देवनारायण पुरोहित एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.आदित्य लुणावत, प्रो. एस.पी. पाण्डेय, प्रो. सुनीता मालवीय, डॉ. भावना यादव, श्री प्रवीण माने, डॉ. नीलेश मंडलोई, डॉ. मुकेश सोलंकी, संजय कराणे, रविन्द्र कुशवाह, वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी चंद्रकांत बाबू होलकर, अंतराष्ट्रिय खिलाड़ी विमल प्रजापत, विश्वामित्र पुरस्कृत, दविंदर खनूजा, श्री राम जिम के डायरेक्टर दिनेश पालीवाल, सुमित पालीवाल, जितेन्द्र स्वामी एवं श्री राम जिम से जुड़े वरिष्ठ निर्णायक उपस्थित हुए। इंदौर संभाग नें वेटलेफ्टिंग पुरूष एवं महिला पावरलिफ्टिंग पुरूष एवं महिला चारों वर्गों में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। मध्य प्रदेश शासन का यह पहला राज्य स्तरीय आयोजन था। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ.महेंद्र कुमार मिश्रा ने किया।




- संभाग स्तरीय क्रीकेट पुरूष प्रतियोगिता का समापन देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की निदेशक शारीरिक शिक्षा प्रोफेसर सुधीरा चंदेल के मुख्य अतिथि एवं जीएससी के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर अमर वतनानी की अध्यक्षता एवं प्रोफेसर आदित्य लुणावत की विशेष अतिथि में संपन्न हुआ विजेता टीम इंदौर जिला एवं उपविजेता टीम खंडवा जिले को ट्रॉफी प्रमाण पत्र एवं मेडल द्वारा सम्मानित किया गया इसमें देवी अहिल्या विश्वविद्यालय एवं इंदौर संभाग की टीम का चयन भी किया गया।

- विश्वविद्यालय टीम की कप्तान व जीएसीसी की छात्रा कुमारी साक्षी ऊंट वाले के नेतृत्व में अंतर विश्वविद्यालय पश्चिमी जोन क्रिकेट महिला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल रॉउड में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए क्वालीफाई किया। महाविद्यालय एवं पूरे विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है। पश्चिमी जोन में मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र एवं गोवा के समस्त विश्वविद्यालय आते हैं। टीम विजेता रही।



- भुवनेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर विश्वविद्यालय उत्तर पूर्व एवं पश्चिमी जोन प्रतियोगिता में श्री अटल बिहारी वाजपयी शा. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर के चार छात्र एवं एक छात्रा ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आदित्य डोडिया ने 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ में भाग लेकर फाइनल में अपना स्थान बनाया और इनका चयन अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता चेन्नई हेतु हुआ। आदित्य डोडिया के साथ भानु प्रतान सिंह, राहुल माली, अभय राज भदौरिया एवं पलक सोनकर ने भाग लिया। कु.पलक सोनकर व आदित्य को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय का एथलेटिक चैंपियन 2023–24 चुना गया है।

- देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय संभाग स्तरीय एथलेटिक पुरूष महिला प्रतियोगिता में जीएसीसी की चार गुना 100 मीटर पुरूष रिले रेस में नया कीर्तिमान स्थापित किया। पहले यह रिकॉर्ड यूटीडी इंदौर के नाम था जो अब जीएसीसी के नाम पर रहेगा। शानदार प्रदर्शन करने वाले चारों खिलाड़ियों महाविद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी गई।
- राज्य स्तरीय शरीर सौष्ठव पुरूष प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुनीता मालवीय एवं वरिष्ठ क्रिया अधिकारी श्री सी.बी. होलकर के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक विक्रम अवार्डी एवं विश्वामित्र अवार्डी, श्री दविंदर खनुजा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं निर्णायक श्री विमल प्रजापत, कोच श्री जितेंद्र स्वामी, राष्ट्रीय अंपायर संजय कराणे एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. भावना यादव, क्रीड़ा अधिकारी रविंद्र कुशवाहा, डॉ. महेंद्र मिश्रा, श्री ओम प्रकाश सदाफले की उपस्थिति में संपन्न हुआ विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र मेडल एवं टीम चैंपियनशिप की ट्रॉफी प्रदान की गई अतिथियों के द्वारा।



**इंदौर संभाग ने जीती बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप**

**कनिष्क मालवीय बने चैंपियन्स ऑफ चैंपियन**

**इंदौर @ पत्रिका.** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में इंदौर संभाग ने चैम्पियनशिप जीती। सागर संभाग रनरअप रहा। प्रतियोगिता का चैम्पियंस ऑफ चैंपियन गुजराती आर्ट्स कॉलेज इंदौर के छात्र कनिष्क मालवीय को चुना गया। प्रतियोगिता में सागर, ग्वालियर, उज्जैन, इंदौर की टीमों ने भाग लिया। शुभारंभ डॉ. सुनीता मालवीय एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर सीबी होलकर ने किया। निर्णायक दविंदर खनूजा थे।

# News Gallery

## सतर्कता में है सुरक्षा-जीएसीसी के विद्यार्थियों ने जाने यातायात के नियम




इंदौर। श्री अटल बिहारी वाजपयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में यातायात जागरूकता एवं साइबर क्राइम सुरक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अमर वतनानी द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डी सी पी मनीष अग्रवाल ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही ट्रैफिक हेड कांस्टेबल रंजीत द्वारा पर विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गई। ऑनलाइन बढ़ते सायबर अपराध से बचने के उपाय साइबर क्राइम के सब इंस्पेक्टर शिवम ठक्कर द्वार विद्यार्थियों को बताएं गए। कार्यक्रम का आयोजन समाजशास्त्र विभाग और महाविद्यालय की 9 एमपी एनसीसी इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ अमर रतनानी, डॉ राजीव शर्मा, डॉक्टर त्रिपाठी कौर चावला के साथ ही महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ. भगवत राय ने किया।

इंदौर, शनिवार, 06 जनवरी 2024 09

## जीएसीसी के विद्यार्थियों ने जाने यातायात के नियम




इंदौर। अटल बिहारी वाजपयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में यातायात जागरूकता एवं साइबर क्राइम सुरक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अमर वतनानी द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डी सी पी मनीष अग्रवाल ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही ट्रैफिक हेड कांस्टेबल रंजीत द्वारा पर विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गई। ऑनलाइन बढ़ते सायबर अपराध से बचने के उपाय साइबर क्राइम के सब इंस्पेक्टर शिवम ठक्कर द्वार विद्यार्थियों को बताएं गए। कार्यक्रम का आयोजन समाजशास्त्र विभाग और महाविद्यालय की 9 एमपी एनसीसी इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अमर रतनानी, डॉ राजीव शर्मा, डॉक्टर त्रिपाठी कौर चावला के साथ ही महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ. भगवत राय ने किया।

थैलेसीमिया जागरूकता का नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश

## जन्म कुंडली के साथ-साथ स्वास्थ्य कुंडली का भी मिलान करें

चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.page



श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 13 जनवरी को थैलेसीमिया जागरूकता अभियान के अंतर्गत 9 एमपी बटालियन के एनसीसी कैडेट ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को थैलेसीमिया रोग के प्रति जागरूक किया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एनसीसी कैडेट ने यह संदेश दिया कि शादी विवाह में जन्म कुंडली के साथ-साथ स्वास्थ्य कुंडली का भी मिलान करें, जिससे आने वाली संताने स्वस्थ हो।

यह भी संदेश दिया कि थैलेसीमिया रोगियों के लिए अधिक से अधिक रक्तदान करने का संकल्प ले आदरणीय प्राचार्य महोदय ने भी कहा कि एनसीसी कैडेट सदैव ही सामाजिक समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करते रहे हैं हम सभी भी थैलेसीमिया के प्रति जागरूक रहे और समाज में थैलेसीमिया रोग के प्रति जागरूकता का प्रसार करें। थैलेसीमिया जागरूकता अभियान के अंतर्गत 9 एमपी बटालियन की ओर से आईपीएस अकादमी इंदौर के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट कपिल पटेल नोडल ऑफिसर के रूप में नियुक्त थे। नुक्कड़ नाटक में मुख्य रूप से अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला वणिज महाविद्यालय एवं शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय एवं आईपीएस अकैडमी इंदौर के 9 एमपी बटालियन के एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रकाश गर्ग, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. आदित्य लुणावत, एवं 2 एमपी बटालियन के कप्तान डॉ. दिनेश अग्रवाल, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. डीके गुप्ता, एनएसएस अधिकारी ज्ञानेश्वर तीखे अरुण आर्य एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय के एनसीसी के कैडिट और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉक्टर भागवत राय ने संपन्न किया।

# पत्रिका plus

Indore, Wednesday 22/02/2023 patrika.com/e

**विश्व चिंतन दिवस :** आधुनिकता की दौड़ में हम अच्छे से सोचना ही भूल गए

## चिंता की बजाय चिंतन आवश्यक, सकारात्मक सोच से करें मन को नियंत्रित तो मिलेगी शांति




पत्रिका plus रिपोर्टर

**इंदौर.** आज विश्व चिंतन दिवस है। आधुनिकता की चकाचौंध में लोग भाग रहे हैं। अंतहीन सफर जारी है। पहुंचना कहां है किसी को नहीं पता। इस चकाचौंध में आम जीवन में भटकाव यही है कि मन को सही दिशा में कैसे मोड़ें। कैसे सोचें...। क्योंकि मन की गति सबसे अधिक है और इसी गति के कारण गफलत में मन यहां-वहां भागता रहता है। विश्व चिंतन दिवस के मौके पर हमने बात की समाज के बीच रहने वाले ऐसे लोगों से जो अलग-अलग क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। लोगों को जीने की कला सिखाकर जीवन की दिशा बताते हैं। इस बातचीत का सार यही निकला कि मन को नियंत्रित करना जरूरी है। चिंता की बजाय चिंतन आवश्यक है।

### आधुनिकता से विचलित हुआ मनुष्य

आज आधुनिकता की दौड़ में शामिल होकर हम विचलित हो गए है। मोबाइल और टेक्नालॉजी ने हमारे मन को भटका दिया है। इसी कारण हम किसी भी विषय पर फोकस नहीं कर पाते है। युवा अपना धैर्य खोता जा रहा है और नशे की लत का शिकार हो रहा है। सही दिशा में जाने के लिए मन को एकाग्र करना बहुत जरूरी हो गया है।

### सकारात्मक सोच से रूकेगा भटकाव



मन को नियंत्रित करने का कार्य बाल्यकाल से ही आरंभ करना चाहिए। मन को जितना हो प्रभु भक्ति में लगाएं। आजकल आधुनिकता की दौड़ में सब भाग रहे हैं। मोबाइल में ऐसे उलझे हैं कि पढ़ाई में भी मन नहीं लग रहा। इसके लिए सबसे जरूरी है सूर्य आराधना। सूर्य को नियमित अर्घ्य दें ताकि बुद्धि और औज बढ़े। माता-पिता बच्चे की प्रथम पाठशाला है इसलिए उनका दायित्व है कि वे बच्चों को घर से ही मन को सही दिशा में लगाने की शिक्षा दें। इंदौर जैसे शहर में नाइट कल्चर भी एक गलत परंपरा है क्योंकि देर रात तक जाग रहे युवा नशे की चपेट में आते हैं और इस कारण भटकाव होता है। विकास होना आवश्यक है लेकिन विकास के लिए खुद को गलत दिशा में ले जाना गलत है। हमारे बच्चे भौतिकवादी हो गए हैं और पाश्चात्य संस्कृति में उलझे हैं जबकि पश्चिम के लोग ईश्वर की ओर आ रहे हैं। भक्ति से जुड़ रहे हैं। मन को नियंत्रित करने की शास्त्रों में अनेक विधियां हैं, जिनमें सबसे पहली यही है कि सकारात्मक सोचें।
**- पं. पवनदास महाराज,** श्री हंसदास मठ इंदौर

### योग से शांत होता है मन



मन के भटकाव को रोकने के लिए सबसे जरूरी है योग। योग का मतलबै स्व से मिलन है। ईश्वर से मिलन है। मेडिटेशन से मन शांत होता है और जब मन शांत होगा तो वह गलत विषयों में नहीं भटकेगा। जब योग, प्राणायाम, ओम का उच्चारण किया जाता है तो चक्रों का जागरण होता है। सकारात्मकता बढ़ती है। लोगों में यह भी कमी है कि वे स्वीकारना नहीं चाहते। पॉजिटिव नहीं रहते। दूसरों को बदलने में लगे रहते हैं जबकि बदलाव खुद में करना है। इसलिए सबसे बेहतर तरीका है योग। इसकी पूरी प्रक्रिया होती है। शुरुआत में प्रार्थना होती है ताकि मन एकाग्र हो। वातावरण अच्छा होना चाहिए। समय सुबह का होना चाहिए। प्राणायाम होता है, आसन होते हैं। इससे शारीरिक ऊर्जा के साथ मानसिक ऊर्जा बढ़ती है और मन का भटकाव दूर होता है। मन सही दिशा में सोचना शुरू करता है और तनावरहित होकर व्यक्ति आधुनिक जीवनशैली के साथ सामंजस्य बैठाकर जीता है।
**- सारिका शर्मा,** योग शिक्षिका इंदौर

### चिंतन भूल गए, चिंता में उलझे हैं



आधुनिकता और उपभोक्तावाद की दौड़ ने मनुष्य को विचलित कर दिया है। वह हर समय जरुरतों का सोचकर भविष्य की चिंता में खोया रहता है मगर चिंतन नहीं करता। चिंतन के लिए जरूरी है त्याग, दया, क्षमा और सहनशीलता। ये गुण तब विकसित होंगे जब सोच सकारात्मक होगी। हम जैसा सोचते हैं वैसा ही हमारा मन बन जाता है, इसलिए मन के भटकाव को रोकने की पहली कड़ी है सकारात्मक सोच। सदैव सहनशील बने रहें ताकि किसी भी परिस्थिति में मन विचलित न हो। छोटी-छोटी बातों को तूल न दें। धैर्य बनाए रखें। अनुशासित रहें और समय के साथ चलें। लोगों को क्षमा करना सीखें, क्योंकि क्षमा नहीं करने से भी मन में तनाव रहता है। कुछ पल खुद के लिए निकालें और चिंतन करें कि क्यों हम बाहरी वातावरण, परिस्थितियों से प्रभावित होकर भटक जाते हैं। आध्यात्मिक ऊर्जा अर्जित करें। किसी की सोच से या व्यवहार-आचरण से खुद को प्रभावित न होने दें।
**-डॉ.भगवत राय,** प्राध्यापक समाजशास्त्र इंदौर

### मन की जागरुकता धीमी हो गई



हमें अच्छे से सोचना कैसे है, हम ये भूल गए हैं। हमें पता ही नहीं है कि हम क्या सोच रहे हैं। इंसान को पता ही नहीं है कि बैठकर सोचे कि करना क्या है। बस लोगों को देखकर भाग रहे हैं। इकट्ठा करने की होड़ मची है। ये सही है कि धन के बिना जीवन नहीं चलता मगर हर चीज की एक सीमा होनी चाहिए। जब तक यह नहीं सोचा जाएगा तब तक मन भटकता रहेगा। सोच सही दिशा में नहीं जा रही है इसका प्रमुख कारण यही है कि मन की जागरुकता मद्दिम हो गई है। न तो हम अपने जीवन के लक्ष्य को जानते हैं न आत्मा के लक्ष्य को। हम उद्देश्य भूल चुके हैं और जब इन उद्देश्य को ही नहीं जान सकेंगे तो भटकाव होगा। इसलिए सबसे जरूरी उद्देश्यों को जानना है। भौतिक तल पर तो हमारा विकास हो रहा है लेकिन आत्मा के तल पर विकास रूक गया है। भौकि वस्तुएं एकत्र करते जा रहे हैं लेकिन मन का सुकून नहीं है। न घर में न परिवार में न समाज में। इसका यही उपाय है कि मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाना होगा।
**-डॉ. गुरमीत सिंह नारंग,** ग्लोबल हैप्पीनेस लीडर

# भूमिका भास्कर

www.bhumikabhaskar.com | ई-पेपर | शनिवार, 23 मार्च 2024

## ई-पुस्तकालय की उपयोगिता पर प्रशिक्षण का आयोजन

**रूपेश जैन इंदौर।**




शुक्रवार को श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में पुस्तकालय एवं आई. क्यू. ए. सी. सेल के अंतर्गत पुस्तकालय उपयोगकर्ता जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के कलाम कक्ष में दोपहर 12:00 बजे से किया गया। जो कि प्रभारी प्राचार्य डॉ अमर बतलानी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ ममता चंद्रशेखर और डॉक्टर आदित्य लुणावत एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर राजीव शर्मा ने ई-पुस्तकालय कि उपयोगिता विषय पर विचार रखे। वहीं डॉ विमलेश पटेल पुस्तकालयाध्यक्ष ने ई लाइब्रेरी के फायदे उसका उपयोग के विषय में प्रशिक्षण प्रदान किया। इस कार्यक्रम में अन्य प्राध्यापक साथी एवं पुस्तकालय स्टाप रितेश तिवारी, कमल नागर, गजेंद्र बघेल, राठौर, रवि सिलावट, सुनीता वघेल, विजय सिलावट एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं कि विभिन्न संकाओ का समाधान डॉ विमलेश पटेल द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण हुआद्य

## कैडेट प्रियांशु चौधरी का स्वागत


**NAME CHANGE**
This is informing to everyone that my previous name was **Lanjewar Sunil Sukhdeo** which I have changed. My new name is **Sunil Lanjewar** So now everyone knows me by my new name **Sunil Lanjewar**

Sunil Lanjewar S/o
Sukhdeo Lanjewar
206, Sukhsundar
Apt.126-127-C, Vaishali
Nagar, Indore-09. (MP)




**चैतन्य लोक, इंदौर।** श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की 9 एमपी बटालियन इकाई के कैडेट प्रियांशु चौधरी गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेकर वापस इंदौर लौटे। दिल्ली में कर्तव्य पथ पर परेड में मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के 15000 कैडेट्स में से 25 कैडेट्स का चुनाव किया गया था। जिसमें से जोएर्सी के प्रियांशु चौधरी का चयन होना उनके नेतृत्व क्षमता और साहस को दर्शाता है। सभी कैडेट्स के उत्कर्ष प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्राचर्य प्रकाश गर्ग ने सभी कैडेट्स का अभिवादन किया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी डीके गुप्ता एमर्प 9 बटालियन के एएनओ लेफ्टिनेंट भगवत राय मौजूद थे।

# जन्म कुंडली के साथ-साथ स्वास्थ्य कुंडली का भी मिलान करें

## थैलेसीमिया जागरूकता का नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश

इंदौर। श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में दिनांक 13 जनवरी 2024 को थैलेसीमिया जागरूकता अभियान के अंतर्गत 9 एमपी बटालियन के एनसीसी कैडेट ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को थैलेसीमिया रोग के प्रति जागरूक किया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एनसीसी कैडेट ने यह संदेश दिया कि शादी विवाह में जन्म कुंडली के साथ-साथ स्वास्थ्य कुंडली का भी मिलान करें जिससे आने वाली संताने स्वस्थ हो और यह भी संदेश दिया कि थैलेसीमिया रोगियों के लिए अधिक से अधिक रक्तदान करने का संकल्प ले आदरणीय प्राचार्य महोदय ने भी कहा कि एनसीसी कैडेट सदैव ही सामाजिक समस्याओं के प्रति लोगों को जागरुक करते रहे हैं हम सभी भी थैलेसीमिया के प्रति जागरूक रहे और समाज में थैलेसीमिया



रोग के प्रति जागरूकता का प्रसार करें। थैलेसीमिया जागरूकता अभियान के अंतर्गत 9 एमपी बटालियन की ओर से आईपीएस अकादमी इंदौर के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट कपिल पटेल नोडल ऑफिसर के रूप में नियुक्त थे ।नुक्कड़ नाटक में मुख्य रूप से अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला वनिज महाविद्यालय एवं शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय एवं आईपीएस अकैडमी इंदौर के 9 एमपी बटालियन के एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रकाश गर्ग ,वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ आदित्य लुणावत, एवं 2 एमपी बटालियन के कप्तान डॉ दिनेश अग्रवाल, प्रशासनिक अधिकारी डॉ डीके गुप्ता, एनएसएस अधिकारी ज्ञानेश्वर तीखे अरूण आर्य एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय के एनसीसी के कैडिट और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉक्टर भागवत राय ने संपन्न किया।

प्रभातकिरण

4 | इंदौर, सोमवार 5 फरवरी 2024



**प्रियांशु चौधरी का सम्मान**- अटलविहारी वाजपेयी शासकीय कला व वाणिज्य महाविद्यालय में 9 एमपी बटालियन यूनिट के कैडेट प्रियांशु चौधरी ने नई दिल्ली में हुई गणतंत्र परेड में हिस्सा लिया। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के करीब पंद्रह हजार कैडेट्स में से पच्चीस को चुना गया था, जिसमें प्रियांशु भी शामिल थे। प्राचार्य प्रकाश गर्ग ने सम्मान किया।

# थैलेसिमिया जागरुकता कार्यक्रम



चैतन्य लोक, इंदौर। श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महा० इन्दौर के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग के तत्वाधान में 18 नवम्बर को थैलेसिमिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरुकता कार्यक्रम के प्रारंभ में विषय विशेषज्ञ डॉ. रजनी भंडारी, समाजसेविका, डॉ. किशोर चाण्डिकीय, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पूर्णिमा का स्वागत महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के डॉ. श्रद्धा मालवीय, डॉ. सुलभा कार्किडे, डॉ. संजय राने, डॉ. आरती व्यास द्वारा किया गया। डॉ. रजनी भंडारी ने विद्यार्थियों को थैलेसिमिया बीमारी के बारे में बताया व उन्हें जागरुक किया। डॉ. किशोर चाण्डिकीय ने इस बीमारी के बारे में विस्तृत और सूक्ष्म वैज्ञानिक जानकारी देते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को यह बताया कि विवाह पूर्व थैलेसिमिया की जाँच लड़के एवं लड़कियों दोनों को ही अवश्य करवाना चाहिए जिससे जन्म लेने वाला शिशु इस रोग या बीमारी से ग्रसित न हो। इस जागरूकता कार्यक्रम में समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग के प्राध्यापकों में प्रो. रेखा बेनावत, डॉ. धनसिंह यादव, प्रो. पंकज साँवले, प्रो. मोहन गुर्जर उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों में विशेष रूप से एनसीसी-1. एमपी बटालियन के विद्यार्थी भी सम्मिलित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार समाजशास्त्र के डॉ. भगवतराय द्वारा किया गया।

# जीएससी के विद्यार्थियों ने जाने यातायात के नियम



चैतन्य लोक • इंदौर
chaitanyalok.page

श्री अटल बिहारी वाजपयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में यातायात जागरूकता एवं साइबर क्राइम सुरक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अमर वतनानी द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डीसीपी मनीष अग्रवाल ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में अवगत कराया। इसके साथ ही ट्रैफिक हेड कांस्टेबल रंजीत द्वारा पर विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गई। ऑनलाइन बढ़ते सायबर अपराध से बचने के उपाय साइबर क्राइम के सब इंस्पेक्टर शिवम ठक्कर द्वार विद्यार्थियों को बताएं गए। कार्यक्रम का आयोजन समाजशास्त्र विभाग और महाविद्यालय की 9 एमपी एनसीसी इकाई द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अमर रतनानी, डॉ. राजीव शर्मा, डॉक्टर त्रिपाठी कौर चावला के साथ ही महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ. भगवत राय ने किया।

## कैडेट प्रियांशु चौधरी का स्वागत

इंदौर। श्री अटल बिहारी वाजपयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की 9 एमपी बटालियन इकाई के कैडेट प्रियांशु चौधरी गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेकर वापस इंदौर लौटे। दिल्ली में कर्तव्य पथ पर परेड में मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के 15000 कैडेट्स में से 25 कैडेट्स का चुनाव किया गया था। जिसमें से एनसीसी के प्रियांशु चौधरी का चयन होना उनके नेतृत्व क्षमता और साहस को दर्शाता है। सभी कैडेट्स के उत्कर्ष प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्राचार्य प्रकाश गर्ग ने सभी कैडेट्स का अभिवादन किया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी डीके गुप्ता एमपी 9 बटालियन के एएनओ लेफ्टिनेंट भावना राय मौजूद थे।

# आडवाणी को भारत रत्न मिलने से सिंधी समाज में खुशी की लहर

इंदौर। सांसद प्रतिनिधि और हिंद सिंध समन्वय संगठन के अध्यक्ष डॉ संतोष वाधवानी ने जानकारी देते हुए बताया है कि भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न के लिए नामांकित किए जाने पर सिंधी समाज में खुशी की लहर है। वह न सिर्फ बीजेपी के दिग्गज नेता बल्कि पार्टी के मजबूत स्तंभ भी हैं। एलके.आडवाणी वह शख्स हैं, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखने में अहम भूमिका निभाई. वह बीजेपी के संस्थापक सदस्य हैं। साल 1980 में बीजेपी के गठन के समय वह भी पार्टी में एक मजबूत पिलर रहे। लाल कृष्ण आडवाणी बीजेपी के सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहने वाले नेता हैं। वह लंबे समय तक सांसद के तौर पर देश की सेवा कर चुके हैं। डॉ संतोष वाधवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि लाल कृष्ण आडवाणी के राजनीतिक सफर की करें तो साल 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जब जनसंघ की स्थापना की, तब से साल 1957 तक आडवाणी पार्टी सचिव रहे. फिर 1973 से 1977 तक उन्होंने जनसंघ में अध्यक्ष पद पर सेवाएं दीं। साल 1980 में जब भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई तब वह इसके संस्थापक सदस्य थे. । आडवाणी ने 1980 से 1986 तक बीजेपी के महासचिव रहे। 1986 से 1991 तक वह बीजेपी अध्यक्ष रहे। आडवाणी तीन बार बीजेपी के अध्यक्ष रहे। वह 5 बार लोकसभा सांसद और 4 बार राज्यसभा सांसद रहे। साल 1977 से 1979 तक वह पहली बार केंद्र में मंत्री बने। उन्होंने इस दौरान सूचना प्रसारण मंत्रालय का कार्यभार संभाला।



भूमिका भास्कर
www.bhumikabhaskar.com
ई-पेपर
शनिवार, 23 मार्च 2024

## ई-पुस्तकालय की उपयोगिता पर प्रशिक्षण का आयोजन

**रूपेश जैन इंदौर।**



शुक्रवार को श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर में पुस्तकालय एवं आई. क्यू. ए. सी. सेल के अंतर्गत पुस्तकालय उपयोगकर्ता जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के कलाम कक्ष में दोपहर 12ः00 बजे से किया गया। जो कि प्रभारी प्राचार्य डॉ अमर बतलानी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ ममता चंद्रशेखर और डॉक्टर आदित्य लुणावत एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर राजीव शर्मा ने ई-पुस्तकालय कि उपयोगिता विषय पर विचार रखे। वहीं डॉ विमलेश पटेल पुस्तकालयाध्यक्ष ने ई लाइब्रेरी के फायदे उसका उपयोग के विषय में प्रशिक्षण प्रदान किया। इस कार्यक्रम में अन्य प्राध्यापक साथी एवं पुस्तकालय स्टाप रितेश तिवारी, कमल नागर, गजेंद्र बघेल, राठौर, रवि सिलावट, सुनीता वघेल, विजय सिलावट एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं कि विभिन्न संकाओ का समाधान डॉ विमलेश पटेल द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण हुआद्य

## इंदौर जिले ने जीती डिवीजन लेवल क्रिकेट प्रतियोगिता

**इंदौर@पत्रिका.** अटल बिहारी वाजपेयी गवर्नमेंट आर्ट्स एंड कामर्स कॉलेज द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग का इंटर डिस्ट्रिक्ट डिवीजन लेवल क्रिकेट पुरुष टूर्नामेंट इंदौर जिले ने जीत लिया। इंदौर जिला की टीम ने खंडवा को 83 रन के बड़े अंतर से हराया।



स्पोर्ट्स ऑफिसर महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इंदौर ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 193 रन का स्कोर खड़ा किया। यश यादव ने 60, आयुष निगम ने 45 व आफताब शेख ने 37 रन बनाए। खंडवा की तरफ से सचिन जांगिड़ ने दो विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए खंडवा की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 110 रन ही बना पाई और मैच 83 रन से हार गई। हार्दिक महाजन ने 44 व समर्थ दुबे ने 32 रन बनाए। इंदौर की ओर से विनय गरासिया ने चार और अनुज लाहोटी ने दो विकेट लिए।

इंदौर | गुरुवार 29.02.2024 IV

HYPER LOCAL

इंदौर संभाग ने जीती बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप

# कनिष्क मालवीय बने चैंपियन्स ऑफ चैंपियन



**इंदौर @ पत्रिका.** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में इंदौर संभाग ने चैम्पियनशिप जीती। सागर संभाग रनरअप रहा। प्रतियोगिता का चैम्पियंस ऑफ चैंपियन गुजराती आर्ट्स कॉलेज इंदौर के छात्र कनिष्क मालवीय को चुना गया। प्रतियोगिता में सागर, ग्वालियर, उज्जैन, इंदौर की टीमों ने भाग लिया। शुभारंभ डॉ. सुनीता मालवीय एवं स्पोर्ट्स ऑफिसर सीबी होलकर ने किया। निर्णायक दविंदर खनूजा थे।

Newsletter Compiled By: Dr. Sangeeta Mehta

Dr. Asha Agrawal

Vandana Joshi (Guest Faculty)

Dr. Vandana Tiwari (Guest Faculty)

Technical Support By: Radha Yadav